गोहाटी तेल शोधनशाला

१४९२. { डा० राम मनोहर लोहिया :
श्री किशन पटनायक :

क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गोहाटी आयल रिफाइनरी में पैट्रोलियम कोक की प्रोसेसिंग के लिये कार्बन कम्पनी नामक एक निजी कम्पनी को काम सौंपा गया है;

(ख) सरकारी कारखाने ने यह काम खुद क्यों नहीं किया ; और

(ग) क्या आयल रिफाइनरी के किसी पदाधिकारी के किसी रिश्तेदार की कार्बन कम्पनी में नौकरी या हिस्सा है ?

पैट्रोलियम तथा रसायन मंत्री (श्री हुमायून कबिर) : (क) गोहाटी शोधनशाला में पैदा किया हुआ पैट्रोलियम कोक व्यक्तिगत कम्पनी को बेचा जा रहा है ।

(ख) सरकारी क्षेत्रीय शोधनशाला इस प्लांट को शोधनशाला के निर्माण-कार्य के साथ साथ स्थापित करने का कार्य नहीं कर सकती थी ।

(ग) तेल शोधनशाला में बहुत से कर्मचारी हैं । मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों से जांच करने पर पता चला है कि उनका कोई भी सम्बन्धी कम्पनी में नौकर नहीं है और न इस सम्बन्ध में कम्पनी में ही सूचना उपलब्ध है ।

"The Miracle of Vedic Mathematics"

1493. Shri Hari Vishnu Kamath: Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some time ago a manuscript entitled "The Miracle of Vedic Mathematics" was received from Shri Sankaracharya of Gordhan Peeth, Puri;

(b) whether Government propose to publish it;

(c) if so, when; and

(d) if not, the reasons therefor?

The Minister of Eduvation (Shri M. C. Chagla): (a) No, Sir.

(b) to (d). Do not arise.

संस्कृत के पंडितों की राष्ट्रीय पंजिका

१४९४. **श्री कछवाय** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि संस्कृत के पंडितों की राष्ट्रीय पंजिका तैयार करने के सम्बन्ध में आज तक क्या प्रगति हुई है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : राष्ट्रीय रजिस्टर में संस्कृत पंडितों के नाम सम्मिलित करने के लिए उनसे आवेदन-पत्र मंगाए गए थे । पंडितों द्वारा भेजे गए ब्यौरों की जांच की जा रही है तथा अन्य विवरण एकत्रित किए जा रहे हैं ।

हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी

१४९५. **श्री कछवाय** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय ने गत दो वर्षों में हिन्दी के प्रसार की दृष्टि से कितनी हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई और कहां-कहां ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० छागला) : तीन । दिल्ली, वर्धा और बम्बई में ।

वैज्ञानिक एवं पारिभाषिक शब्दावली आयोग

१४९६. **श्री कछवाय** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वैज्ञानिक एवं पारिभाषिक शब्दावली आयोग में कितने सदस्य हैं और कौन कौन ; और